धनबाद, शनिवार
20 जनवरी 2018
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
प. बंगाल, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



अनुकूल के दम पर भारत जीता } 12

सुप्रीम विवाद के हल का प्रयास जारी } 13



# योग-मार्शल आर्ट में बच्चों ने दिखाया दम

## दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**जागरण संवाददाता, आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को आयोजित स्कूल परिसर में आयोजित की गई। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही विभिन्न स्पर्धा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के बच्चों ने मार्चपास्ट कर की। जिसमें उपस्थित मुख्य अतिथि स्कूल के मैनेजिंग ट्रस्टी प्रतीक गोयनका, स्कूल के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा और इंग्लिश चैनल को पार करने वाली सायनी दास को सलामी दी गई। मार्शल दौड़ के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस दौरान स्कूल के छात्र छात्राओं ने योगा, मार्शल आर्ट और सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। समारोह के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने स्कूल के बेहतर परिणाम, स्कूल के विकास सहित बच्चों के प्रदर्शन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। खेल प्रतियोगिता के दौरान स्कूल के छात्र छात्राओं के लिए 100, 200 मीटर दौड़, रिले रेस, बोरा रेस के अलावा अभिभावक और शिक्षकों के लिए भी स्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। वही स्कूल के ग्रुप में वेस्ट ग्रुप में ग्रीन हाउस को पुरस्कार दिया गया। इस दौरान शिक्षक कोर्डिनेटर अन्नपूर्णा शर्मा, आफिस एडमिनिस्ट्रेटर राहुल प्रसाद, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मी मौजूद थे।




तैराक सायनी दास को चेक देते प्राचार्य आरडी शर्मा, ट्रस्टी प्रतीक गोयनका ● जागरण



करतब दिखाते स्कूल के बच्चे ● जागरण

**इंग्लिश चैनल पार करने वाली सायनी को दी सहायता राशि :** वर्दमान के कालना की निवासी सायनी दास ने 25 जुलाई 2017 में इंग्लिश चैनल पार किया था। सायना ने बताया कि 7 साल की उम्र से ही उन्होंने तैराकी करना शुरु कर दिया था। उसके पिता राधेश्याम दास शिक्षक है। उनका अगला लक्ष्य वर्ष 2019 में आस्ट्रेलिया में सेवेंथ सी को पार करना है। उन्हें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से भी पुरस्कृत किया जाना है। सायनी दास को दिल्ली पब्लिक स्कूल की ओर से सहायता के लिए 25 हजार और स्कूल के स्टाफ ने मिलकर 7000 रुपया सहयोग राशि दी। इससे पूर्व इंग्लिश चैनल पार करने के लिए उसको 25 लाख सहायता राशि विभिन्न संस्था व लोगों की ओर से मिली थी।